भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड सचिवालय

सैक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़-160019

प्रैस विज्ञप्ति **दिनांक 04.04.2020**

विषयः बीबीएमबी ने लक्ष्य को किया पार और उच्चतम मशीन तथा पारेषण प्रणाली उपलब्धता की हासिल

चण्डीगढ़: बीबीएमबी देश के उत्तरी क्षेत्र को निरन्तर जल और विद्युत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्व है। लॉकडाउन और सामजिक दूरी से संबंधित सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। बीबीएमबी अपने विद्युत घरों और उपक्रन्द्रों को अपेक्षित मानव शक्ति के साथ चला रहा है। दृढ़ निष्ठा, परिचालन तथा अनुरक्षण के उच्चतम व्यावसायिक मानकों द्वारा बीबीएमबी ने पिछले वर्ष 2018-19 के 97.95% की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान 98.94%, जो देश में उच्चतम मशीन उपलब्धता में से एक है, हासिल की है।

बीबीएमबी ने वर्ष 2018-19 के 99.69% की तुलना में वर्ष 2019-20 में सबसे उच्च स्तर की पारेषण प्रणाली उपलब्धता 99.82% प्राप्त की है।

बीबीएमबी के सभी विद्युत घरों ने केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा उनके लिए अलग-अलग निर्धारित उत्पादन लक्ष्यो को पार कर लिया है और 9470 मिलियन यूनिट के लक्ष्य की तुलना में 12176 मिलियन यूनिट ऊर्जा का उत्पादन किया गया है।

इष्ठतम उत्पादन शैड्यूलिंग तथा उपलब्धता आधारित प्रशुल्क (एबीटी) के अंतर्गत, कड़ी निगरानी द्वारा बीबीएमबी ने वर्ष 2019-20 के दौरान 25.32 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है।

बीबीएमबी ने अपने सभी परियोजना स्थलों, उपकेन्द्रों तथा मुख्यालय में सभी आवश्यक सेवाओं को बनाए रखा है और अपने अस्पतालों में आम जन के लिए नःशुल्क ऐबुलेंस सुविधा और मानव तथा मशीनों के माध्यम से कोविड-19 के विरूद्व राष्ट्र की लड़ाई में अपना निरन्तर योगदान दे रहा है। बीबीएमबी अपने सभी परियोजना केन्द्रों यथा नंगल, तलवाड़ा, सुन्दरनगर की बीएसएल परियोजना और चण्डीगढ़ में दैनिक वेतन भोगी मजदूरों को पका हुआ भोजन एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध करा भी सहायता कर रहा है।

श्री डी.के. शर्मा, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने बीबीएमबी के सभी कर्मचारियों को लक्ष्य को पार करने और उच्चतम मशीन और ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता प्राप्त करने के उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई दी।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक